पेज थ्री
देहरादून
हमारा दून
देहरादून, बुधवार 5 फरवरी, 2020


एलआईसी कर्मी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।



## एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी बेचने पर भड़के कर्मचारी, किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों ने आईपीओ के माध्यम से सरकार की हिस्सेदारी बेचने के फैसले का कड़ा विरोध किया है। मंगलवार को धर्मपुर स्थित एलआईसी मंडल कार्यालय के सामने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना है कि ये तानाशाही है। जबरदस्ती कोई भी नियम थोपा नहीं जा सकता है। कर्मचारियों ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जीवन बीमा निगम जीवन बीमा निगम देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है।

एलआईसी का देश के जीवन बीमा बाजार पर करीब तीन–चौथाई कब्जा है। सरकार का कंपनी की हिस्सेदारी बेचे जाने का फैसला देशहित में नहीं है। आज यह कंपनी पूंजी के मामले में भारत की सबसे बड़ी वित्तीय कंपनी बन गई है, जो भारतीय स्टेट बैंक को भी पीछे छोड़ चुकी है। एलआईसी की स्थापना 1956 में केंद्र सरकार ने की थी और देश में जीवन बीमा के क्षेत्र में इसकी सबसे ज्यादा बाजार भागीदारी है।

# समस्याओं का निस्तारण एक माह के भीतर करने के निर्देश

**निर्देश**

**संवाददाता**

विकासनगर में डीएम की अध्यक्षता में हुआ तहसील दिवस, 88 शिकायतें उठाईं

कृत कार्यवाही से उप जिलाधिकारी विकासनगर को 20 दिनों के भीतर उपलब्ध करायें

देहरादून। माह के प्रथम मंगलवार को आयोजित होने वाला मुख्य तहसील दिवस आज जिलाधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील परिसर विकासनगर में आयोजित किया गया। तहसील दिवस में क्षेत्रीय वांशिदों द्वारा 88 समस्यायें, शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिनमें से अधिकाशं शिकायतें जमीन पैमाईश, अतिक्रमण, सिंचाई, आवास, ओवरलोडिंग, विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेन्शन एवं विभिन्न प्रमाण पत्रों को लेकर उठी। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को सुना तथा विभागीय अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का निस्तारण हरहाल में एक माह के भीतर करने के निर्देश दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को भूमिधरि, खसरा, पैमाईश, अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि प्रत्येक लेखपाल को भूमि जायदाद पैमाईश, नक्शा दुरूस्ती, तसदीकी आदि के लिए एक रजिस्टर बनायें तथा क्रमवार निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों द्वारा तहसील दिवस में उठाई गई समस्याओं का निराकरण में प्राथमिकता रखें तथा कृत कार्यवाही से उप जिलाधिकारी विकासनगर को 20 दिनों के भीतर उपलब्ध करायें, जिनका रिव्यू स्वयं उनके द्वारा की जायेगी। उन्होंने परिवहन विभाग, पुलिस एवं राजस्व विभाग को ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों की सघन चौकिंग करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में लीलादेवी नेजीर्णक्षीर्ण ट्रांसफार्मर बदलने, मंगल सिहं टी स्टेट हरबर्टपुर ने विद्युत पोल हटाने, बबीता बादामवाला ने सिंचाई नहर से पानी रिसने से फसल खराब होने, सुमनलता ने नक्शा दुरस्त करने, आनन्दपाल जमनीपुर ने निर्माण कार्यों की जांच करने, किरनबाला ने आवास दिलाने, सुरेन्द्र दत्त ने खेती की पट्टे को राजस्व अभिलेख में दर्ज करानें, वीरेन्द्र सिंह आमवाला ने ग्राम प्रधान चुनाव में फर्जी मतदान की जांच कराने, विपुल जैन ने स्टाम्प विक्रय करने, आशीष कुमार ने एन.एच से मलुवा हटाने, अनिल नौटियाल ने प्रमाण पत्र बनाने, मतलूब हसन ने भवन का नक्शा पास करने, सूर्य प्रकाश बहुगुणा ने बंजर पड़ी 16 बीघा जमीन को सिंचाई विभाग से उपलबध कराने, बलदेव सिंह छरबा ने जमीन की पैमाईश करने, हबीबा बेगम ग्राम प्रधान ढाकी ने 1 किमी सड़क निर्माण करने, सतीश कुमार धर्मावाला ने सुरक्षा दीवार बनाने, इरफान ने पुत्री की शादी हेतु आर्थिक सहायता देने, मकसूद अली ने विरासत सही करने सम्बन्धी अपनी शिकायतें प्रमुखता से उठाई। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस आयोजन से पूर्व सब रजिस्ट्रार कार्यालय निरीक्षण करने के दौरान नाराजगी जताई।


डीएम तहसील दिवस कार्यक्रम में शिकायतें सुनते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### "जनपद में 97.19 प्रतिशत रहा पल्स पोलियो कवरेज"

**संवाददाता** देहरादून। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उत्तम सिंह चौहान ने अवगत कराया है कि 19 से 25 जनवरी 2020 तक जनपद में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम का जनपद में कवरेज 97.19 प्रतिशत् रहा। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम चकराता और कालसी विकासखण्ड में 19 से 21 जनवरी तक सम्पन्न किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के हड़ताल पर होने के चलते भी पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफलता से संचालित करवाने के चलते मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मीनाक्षी जोशी और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उत्तम सिंह चौहान ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### 600 नशीली गोलियां व 450 नशीले इंजेक्शन सहित एक गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना नेहरू कालोनी पुलिस नें 600 नशीली गोलिया व नशीले इंजेक्शन सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना नेहरू कालोनी दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र में लगातार चेकिंग के दौरान शिवम विहार तिराहा ठंडी सड़क से एक अभियुक्त को स्कूटी सहित गिरफ्तार किया जिसके कब्ज़े से 600 नशीली गोलिया व 450 नशीले इंजेक्शन बरामद किये। अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस के तहत चालान कर जेल भेज दिया।

### 7 फरवरी को, सीएम सुनेंगे समस्याएं

**संवाददाता** देहरादून। किसानों को जंगली जानवरों की वजह से परेशानियों सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के निर्देश पर सात फरवरी को लच्छीवाला के वन विश्राम गृह में जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आमरण अनशन स्थगित किया

**चेतावनी**

■मांगें पूरी नहीं हुई तो फिर से आंदोलन आरंभ कर देंगी

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की ओर से मांगों को पूरा करने के आश्वासन के बाद मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने धरना और आमरण अनशन स्थगित कर दिया और काम पर लौट गईं। वह बीती सात दिसंबर से परेड ग्राउंड में धरने पर बैठी थीं और दस जनवरी से आमरण अनशन शुरू कर दिया था। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक बार सचिवालय और दो बार मुख्यमंत्री आवास कूच किया था। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी का कहना है कि धरना और अनशन दस मार्च तक के लिए स्थगित किया है। मांगें पूरी नहीं हुई तो फिर से आंदोलन आरंभ कर देंगी। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर महापौर सुनील उनियाल गामा और भाजपा महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट मंगलवार दोपहर परेड ग्राउंड स्थित धरनास्थल पहुंचे। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री उनकी मांगों को लेकर गंभीर हैं और इस बारे में केंद्र सरकार को भी पत्र भेजा है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि सरकार उनकी मांगों को लेकर कमेटी बनाएगी। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद उनकी समस्याओं के समाधान ही हरसंभव कोशिश होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवाएं समाप्त की गई हैं, उन्हें भी काम पर वापस लिया जाएगा और जितने समय वह काम पर नहीं गईं उस अवधि का मानदेय दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा। इसके बाद महापौर ने आमरण अनशन पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुरजि नेगी और रज्जू बुटोला को जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी ने कहा कि हम अपना धरना और अनशन 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर रही हैं।



अनशन खत्म कराते मेयर सुनील उनियाल गामा।

## सीएम त्रिवेन्द्र के बयान पर हरदा का पलटवार

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली के साथ ही उत्तराखण्ड में भी राजनीतिक घमासान जारी है। जिसका सीधा असर अब उत्तराखंड की राजनीति में भी देखने को मिल रहा है। यहां प्रदेश के दो दिग्गज नेता चुनावी मसले पर एक दूसरे को घेरने में लगे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जहां कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर हरीश रावत को घेर रहे हैं, तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के जरिये सीएम पर पलटवार कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार को लेकर उत्तराखंड में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत आमने–सामने हैं। गौरतलब है कि हाल ही में त्रिवेंद्र सिंह रावत दिल्ली में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करके लौटे हैं।

## महिला मंच व स्वराज अभियान ने किया जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। आन्दोलनकारी साध्वी पद्मावती को अपमानित करने के विरोध में आज उत्तराखण्ड महिला मंच एंव स्वराज अभियान द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि उत्तराखण्ड में महिलाओं को अपने मौलिक अधिकारों के तहत आन्दोलन करने का भी अधिकार नहीं रह गया है वह चाहे आम महिलाएं हो या फिर संत समाज की महिलाएं। कहा कि राज्य आंदोलन में रामपुर तिराहे कांड जैसे कई उदाहरण है जब आंदोलनों की रीढ़ महिलाओं को अपमानित किया जाता रहा है कहा कि वर्तमान में मां गंगा कि निर्मल अविरलता के लिए समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से एक साध्वी पदमावती अपने प्राणों की परवाह न कर आमरण अनशन कर रही थी।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।